website : www.grpgcrampur.com E-mail : grpg.rmp@gmail.com

# न्यूज़ बुलेटिन

सत्र 2022–23 | अंक : 4 | 01 जनवरी – 30 जून 2022

## राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, उ0प्र0

स्थापना वर्ष :1949

(सम्बद्ध : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली, उ.प्र.)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा (तृतीय चक्र) 'बी' ग्रेड प्रदत्त

### प्राचार्य की कलम से...



सुशिक्षित भारत सभी भारतीयों का स्वप्न है परन्तु ज्ञान–विज्ञान की समृद्ध परम्परा वाले कभी विश्व गुरु रहें इस विशाल देश के लिये शिक्षा की संतोषजनक व्यवस्था आज एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। इसका पहला कारण यह है कि देश में शिक्षा पाने के लिये युवा वर्ग की संख्या का अनुपात बढ़ता रहा हैं और बहुत बड़ी संख्या में शिक्षा पाने के आयु वर्ग में आने वाले लोग विद्यालयों और महाविद्यालय तक पहुँच ही नहीं पा रहे हैं। दूसरा कारण है प्रचलित शिक्षा की गुणवत्ता में लगातर गिरावट और तीसरा कारण शिक्षा में विद्यार्थी की रूचियों की विविधिता आदि। हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की। नई शिक्षा नीति 2020 की स्वीकृति के बाद उसे क्रियान्वित करना का कार्य अनेक चरणों में प्रगति पर है। आशा करता हूँ कि परिणाम सुखद रहेगें।

महाविद्यालय न्यूज बुलेटिन के मुख्य सम्पादक डा० अब्दुल लतीफ एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सहयोगियों के प्रति मेरा साधुवाद, जिनके अथक परिश्रम से ये न्यूज बुलेटिन साकार रूप ले पाने में सफल हो सका है।

**प्रो० (डॉ०) पी० के० वार्ष्णेय**
**प्राचार्य**

### डीजी शक्ति के अन्तर्गत स्मार्टफोन का वितरण (8 मई 2022)




उ.प्र. के विद्यार्थियों को फ्री टेबलैट और स्मार्ट फोन वितरत कराने हेतु उ.प्र. सरकार द्वारा डीजी शक्ति पार्टल योजना 2022 को आरम्भ किया गया इस पार्टल के माध्यम से 8 मई 2022 को महाविद्यालय में विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन वितरित किये गये।

### गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2022)



दिनांक 26 जनवरी 2022 को राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्ष उल्लास से मनाया गया। प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो०(डा०) पी. के. वार्ष्णेय ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस के इस शुभअवसर पर समारोहक द्वारा माननीय उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज एवं माननीय जिलाधिकारी, रामपुर के सन्देश का वाचन किया गया। इस शुभअवसर पर करगिल शहीदों की विधवाओं को भी सम्मानित किया गया। इस शुभअवसर पर महाविद्यालय में एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं रोवर्स–रेंजर्स इकाई द्वारा श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।





### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती (23 जनवरी 2021)

दिनांक 25 जनवरी 2022 को राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी एनएसएस एवं रेंजर रोवर इकाइयों द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय द्वारा महाविद्यालय सभागार में प्राध्यापकों, एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों, रेंजर रोवर एवं छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से जनमानस को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने स्लोगन, भाषण एवं नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जिला स्तर पर आयोजित किए गए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के सभागार में भी नाटक की प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों के आयोजन में महाविद्यालय की एनसीसी एनएसएस एवं रेंजर रोवर इकाइयों के अतिरिक्त छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया।





## सम्पादक की कलम से...



नई शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा नीति है जिसे भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। नई शिक्षा नीति निश्चय ही एक बड़ी छलांग है। यह दस्तावेज एक तरह की सुनम्य व्यवस्था का पक्षधर है। हालांकि नीति को लागू करने के क्रम में विसंगतियाँ भी उभर रही हैं। अध्यापक और पाठ्य–सामाग्री जैसे जरूरी संसाधनों को उपलब्ध करना कठिन हो रहा है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिये मूल्यपरख और देश के लिये प्रांसगिक पाठ्यक्रम निर्माण की दशा में कार्य करना होगा। इस नीति को कार्य रूप में लागू करने के लिये राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को मिलकर कार्य करना होगा।

01 जनवरी 2022 से 30 जून 2022 तक महाविद्यालय की गतिविधियों को अपने अन्दर समेटे हुये यह 'न्यूज–बुलेटिन आपके हाथों में सौंपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ और साथ ही त्रुटियों के लिये क्षमाप्रार्थी भी हूँ। मैं सम्पादक मण्डल का हृदय से आभारी हूँ जिनका सहयोग मुझे निरन्तर मिलता रहा, विशेष रूप से डा० सीमा तेवतिया जी का जिन्होंने तकनीकी रूप से इस बुलेटिन के प्रकाशन में मेरी मदद की, साथ ही अपने महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन हेतु मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।

**डॉ० अब्दुल लतीफ़**
प्रधान संपादक
**मो०: 9219258910**
**ई–मेल :** dr.abdullatif74@gmail.com

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह (दिनांक 23–24 मार्च 2022)



राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 23 व 24 मार्च 2022 को दो द्विवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा० जे० पी० सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ० पी० के० वार्ष्णेय ने खेल आयोजन की सफलता के लिये छात्रों को प्रेरित किया और उन्होंने कहा कि महाविद्यालय हमेशा से छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने के लिये प्लेटफार्म उपलब्ध कराता हैं। पहले दिन हुये खेल में छात्रों की 400 मीटर दौड़ में मुकेश ने प्रथम, घनश्याम ने द्वितीय, मुहम्मद अजीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में दीपा ने पहला, सोनिया ने दूसरा, कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अब्दुल वाहिद शाह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी मुजाहिद अली ने किया।



**रजा कालेज में हुई 400 मीटर दौड़ में मुकेश ने बाजी मारी**







## पांच द्विवसीय रोवर्स–रेंजर्स शिविर (3– 7 मार्च 2020)

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 3 से 5 मार्च 2022 को रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डा सैयद एजाज अली पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने कहा कि रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर युवाओ को भविष्य में आने वाली जटिल चुनौतियो से निपटने के लिए कौशल विकास का मंच है। इस अवसर पर प्राचार्य डा० पी के वार्ष्णेय जी कहा कि जीवन को जिंदादिली से जीने का हुनर इस प्रकार के शिविर युवाओ को सिखाते है एवं शिविर के अंतिम दिवस छात्रो द्वारा बनाये गए टेंट एवं साज–सज्जा, रंगोली रचना का निरीक्षण किया गया।







## एन.सी.सी. कैंडेट्स द्वारा रैली का आयोजन (26 जनवरी 2022)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर की एन.सी.सी. कैडट्स द्वारा गणतंत्र दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। एन.सी.सी. का उद्देश्य लोगों के अनुशासन और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय की एन.सी.सी. इकाई ने गणतंत्र दिवस पर पूरे शहर में 'एकता का सन्देश' देने के लिये रैली निकाली एवं स्वच्छता का भी सन्देश दिया। एन.सी.सी. प्रभारी डॉ० प्रवेश कुमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।







## रोवर्स–रेंजर्स इकाई द्वारा समागम में प्रतिभाग ( 24–27 मार्च 2022)





महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अन्तर्गत हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद में चल रहे अन्तरमहाविद्यालीय रोवर्स रेंजर्स समागम के दूसरे दिन 25–03–2022 को राजकीय रज़ा पीजी कॉलेज, रामपुर के स्वामी विवेकानंद रोवर्स क्रू एवं जागृति रेंजर्स टीम के छात्र–छात्राओं ने प्राचार्य डा० पी के वार्ष्णेय के निर्देशन तथा रोवर लीडर डा० राजेश कुमार, सहायक रोवर लीडर डा० प्रवेश कुमार, रेंजर लीडर डा० नेहा नागपाल एवं सहायक रेंजर लीडर डा० मोनिका खन्ना के नेतृत्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त की।




रोवर्स के लिए आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता एवं इको रेस्टोरेशन में महाविद्यालय के छात्र शाहाब खां (एम.एस सी.) ने क्रमशः प्रथम् एवं द्वितीय स्थान तथा रोल प्ले में कुलदीप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम इवेंट्स में महाविद्यालय के 'स्वामी विवेकानन्द रोवर्स क्रू' ने झाँकी में प्रथम् , कैम्प फायर में प्रथम् , कैम्पिंग में द्वितीय, प्राथमिक चिकित्सा में द्वितीय तथा पायनियरिंग प्रोजेक्ट में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रेंजर्स के लिए आयोजित रोल प्ले प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा अनामिका (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय, किम्स गेम्स प्रतियोगिता में रानी कश्यप (बी.एससी. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय तथा इकोरेस्टोरेशन प्रतियोगिता में शैजल कश्यप (बी. एससी. तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम इवेन्ट्स में महाविद्यालय की 'जागृति रेंजर्स टीम' ने झाँकी में प्रथम पायनियरिंग प्रोजेक्ट में प्रथम, बी.पी. सिक्स में द्वितीय तथा कैम्पिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। समागम में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर के रोवर्स क्रू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## तमसीली मुशायरा का आयोजन (29 मार्च 2022)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय उर्दू विभाग की ओर से मंगलवार 29 मार्च 2022 को हुये मुशायरा का उदघाट्न मुख्य विकास अधिकारी सुश्री ग़ज़ल भारद्वाज ने किया। सीडीओ ने कहा इस तरह का आयोजन होना वर्तमान समय में बहुत जरूरी है क्योंकि ज्यादातर लोग फोन और इन्टरनेट की दुनिया में खो कर शिक्षा एवं संस्कृति से दूर होते जा रहे है, ऐसे आयोजन से हमें प्रख्यात कवियों और शायरों को जानने का मौका मिलता है। मुशायरे में मुन्नब्बर राना की ग़ज़ल **किसी के जख्म पर चाहत की पट्टी कौन बाँधेगा। अगर बहिनें नहीं होगी तो राखी कौन बाँधेगा।** डिग्री कॉलेज में हुये ऑल इण्डिया तमसीली मुशायरे में श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। तमसीली मुशायरे में छात्र/छात्राओं ने देश के नामचीन शायरों के कलाम पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अन्त में कार्यक्रम के संयोजक डॉ० अरशद रिज़्वी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक और छात्र/छात्राओं ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।










## अन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक

दिनांक 20 फरवरी2022 को महाविद्यालय की अन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा० पी. के वार्ष्णेय द्वारा की गई। बैठक में समिति के समस्त सम्मानित सदस्यों के द्वारा विचार–विमर्श कर महाविद्यालय के लिये भविष्य का एजेंडा तैयार किया गया। अगामी वर्ष में शासन के निर्देशानुसार नैक द्वारा महाविद्यालय का मूल्यांकन एवं प्रत्यायन कराया जाना है इस सम्बन्ध में महाविद्यालय के उन्नायन हेतु विभिन्न कार्य योजनाओं को स्वीकृत प्रदान करना का आग्रह किया गया है जिसकी जानकारी बैठक में सम्मानित सदस्य को दी गयी। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहें। बैठक के अन्त में आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डा० सीमा तेवतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह (30 मार्च 2022)






दिनांक 30 मार्च 2022 को महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड द्वारा दीप प्रज्जवलित कर और माँ सरस्वती को पुष्पार्पण कर किया गया और छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पी. के. वार्ष्णेय द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बैंच लगाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा की झलक दिखते लोकनृत्य का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर नगर के सभ्रांत नागरिक समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया।





## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (दिनांक 8 मार्च 2022)

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 8 मार्च 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पी. के. वार्ष्णेय ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त करवाना है जिससे उन्हें किसी भी अधिकार से वंचित न किया जाए। कार्यक्रम की संयोजक डा. सीमा तेवतिया ने कहा कि इस दिन को मानने का खास मकसद समाज में महिलाओं को बराबरी का हक दिलाना हैं साथ ही किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ होने वाले भेद–भाव को रोकने के मकसद से इस दिवस को मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त महिला स्टॉफ उपस्थित रहा।





## विभागीय परिषद प्रतियोगिताओं का आयोजन

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, बी.एड., हिन्दी, अग्रेंजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान एवं उर्दू विभाग द्वारा विभागीय परिषद के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं को सम्माानित भी किया गया।






**संरक्षक/प्राचार्य**
**डॉ0 पी. के. वार्ष्णेय**

**प्रधान सम्पादक**
**डॉ0 अब्दुल लतीफ़**

**सम्पादक मण्डल**
**डॉ0 ज़ेबी नाज़, डॉ0 राजकुमार, डॉ0 उपदेश छिम्बाल**
**डॉ0 इरम नईम, डॉ साक्षी त्यागी, डॉ0 प्रशान्त द्विवेदी**



शंकर प्रेस, रामपुर मो0:9412251355